कक्षा 6
पाठ योजना- 5
विषय- हिंदी

प्रकरण- पाठ 5 साथी हाथ बढ़ाना
भाषा कौशल -वाचन कौशल
पाठ का संक्षिप्त विवरण-प्रस्तुत कविता में गीतकार ने मिलजुल कर कार्य करने तथा एकता का महत्व स्पष्ट किया है। उन्होंने बताया कि यदि हम एक साथ मिलकर कार्य करते हैं ,तो हम बड़े से बड़ा असंभव कार्य भी संभव कर सकते हैं।
उद्देश्य
विषय विशिष्ट उद्देश्य-
SO1 काव्य पाठ सीखना
SO2 आरोह अवरोह सहित सस्वर वाचन सिखाना।
SO3 वर्तनीगत अशुद्धियां दूर करना।
व्यावहारिक उद्देश्य-
BO1बालकों को एकता का महत्व सिखाना।
BO2असंभव को भी संभव बनाना।
BO3आत्मविश्वास विकसित करना।
शिक्षण गतिविधि-
1. राष्ट्रप्रेम अथवा एकता से संबंधित कविता का सचित्र लेखन।
2. कविता का सस्वर वाचन।
शिक्षण अधिगम प्रक्रिया-
सर्वप्रथम कविता के शीर्षक की उपयोगिता एवं सार्थकता बताते हुए सरल शब्दों में परिचय दिया जाएगा। स्वयं सस्वर वाचन करते हुए बालकों द्वारा काव्य पाठ करवाया जाएगा। कठिन शब्दों के अर्थ बताते हुए भावार्थ स्पष्ट किया जाएगा। कविता पूर्ण होने पर कठिन शब्दों के अर्थ लिखवाकर प्रश्न उत्तरों की चर्चा के उपरांत लेखन कार्य उत्तर पुस्तिका में करवाया जाएगा। अतिरिक्त प्रश्न लिखवाए जाएंगे।
प्रश्न1. गीत के आधार पर एकता का महत्व बताइए।
प्रश्न2. मनुष्य अपना काम कब सफलतापूर्वक कर सकता है?
मूल्यांकन बिंदु-
1. सस्वर वाचन
2. धारा प्रवाह एवं आरोह-अवरोह सहित काव्य पाठ।
3. उच्चारण संशोधन
डिजिटल सामग्री-
विषय संबंधित दृश्य श्रव्य सामग्री का उपयोग।
अपेक्षित परिणाम-
1. बालक एकता का महत्व जानेंगे।
2. परिश्रम का महत्व जानेंगे।
3. आत्मविश्वास का विकास करते हुए असंभव को भी संभव करने का प्रयास करना सीखेंगे।
4.हाव- भाव सहित काव्य पाठ करना सीख पाएंगे।
5. कविता के प्रति रुचि जागृत कर पाएंगे।